करदो करदो बेडा पार राधे अलबेली सरकार

करदो करदो बेडा पार, राधे अलबेली सरकार।
राधे अलबेली सरकार, राधे अलबेली सरकार॥

बार बार श्री राधे हमको वृन्दावन में बुलाना।
आप भी दर्शन देना बिहारी जी से भी मिलवाना।
यही है विनती बारम्बार, राधे अलबेली सरकार॥

तेरी कृपा से राधा रानी बनते हैं सब काम।
छोड़ के सारी दुनियादारी आगए तेरे धाम।
सुन लो मेरी करुण पुकार, राधे अलबेली सरकार॥

तेरी कृपा बिना श्री राधे कोई ना ब्रिज में आये।
तेरी कृपा जो हो जाए तो भवसागर तर जाए।
तेरी महिमा अपरम्पार, राधे अलबेली सरकार॥

वृन्दावन की गली गली में धूम मची हैं भारी।
श्री राधे राधे बोल बोल के झूम रहे नर नारी।
तेरी होवे जय जयकार, राधे अलबेली सरकार॥

स्वर : श्री गौरव कृष्ण गोस्वामी जी महाराज

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/181/title/kardo-kardo-beda-paar-radhe-albeli-sarkar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |